# प्रेस नोट दिनाँक 09.10.2025 जनपद प्रतापगढ़।

प्रेस नोट दिनांक-09.10.2025
थाना कोतवाली देहात, जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देशन में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा दुष्कर्म, आईटी एक्ट के अभियोग से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री शैलेन्द्र लाल व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर श्री प्रशान्त राज के कुशल पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना विजय कान्त सत्यार्थी के नेतृत्व में निरीक्षक प्रमोद कुमार मय हमराह का0 राहुल सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वारण्टी, वाछित अभियुक्त के दौरान, मुखबिर की सूचना पर अन्तर्गत  धारा 64/308 (2)बी एन एस व 66d/66e आईटी एक्ट थाना कोतवाली देहात, जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त शिवम श्रीवास्तव पुत्र स्वर्गीय राधेश्याम श्रीवास्तव निवासी खास बाजार सिटी प्रतापगढ़, थाना कोतवाली देहात,जनपद प्रतापगढ़, उम्र 24 वर्ष को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत सुखपाल नगर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
01. अभियुक्त शिवम श्रीवास्तव पुत्र स्वर्गीय राधेश्याम श्रीवास्तव निवासी खास बाजार सिटी प्रतापगढ़, थाना कोतवाली देहात,जनपद प्रतापगढ़, उम्र 24 वर्ष।

पुलिस टीम का विवरण-
निरीक्षक प्रमोद कुमार मय हमराह का0 राहुल सिंह थाना कोतवाली देहात, जनपद प्रतापगढ़।

प्रेस नोट दिनांक 09.10.2025

थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़

#MissionShakti5 अभियान के अंतर्गत शान्ति व्यवस्था भंग करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार

नारी सुरक्षा, नारी शक्ति, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत #MissionShakti5 अभियान के तहत प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं विश्वास अर्जन हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में एण्टी रोमियो टीम द्वारा थाना बाघराय क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं से संवाद स्थापित किया गया।

इस दौरान सूचना प्राप्त हुई कि क्षेत्र में कुछ लोग लड़ाई-झगडा कर क्षेत्र का माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। उक्त सूचना पर एण्टी रोमियो टीम थाना बाघराय द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुँचकर 02 अभियुक्तों 1.लल्ला पुत्र स्व0 राम दुलारे उम्र करीब 45 वर्ष नि0ग्राम पुवांसी थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़, 2.आशीष कुमार पुत्र मुन्नालाल उम्र करीब 19 वर्ष नि0ग्राम पुवांसी थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार कर धारा 170/126/135 बीएनएसएस (निरोधात्मक कार्यवाही) में आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है।

प्रतापगढ़ पुलिस मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं विश्वास के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।